भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2609
10 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए

निजी कंपनियों के सहयोग से सैनिक स्कूल

2609. श्री कृपानाथ मल्लाह :
श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' :
श्री कृष्णपाल सिंह यादव :
श्री संगम लाल गुप्ता :
डॉ. सुकान्त मजूमदार :
श्री विनोद कुमार सोनकर :
श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) :
डॉ. जयंत कुमार राय :
श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव :
श्री राजा अमरेश्वर नाईक :
श्री भोला सिंह :
श्री कोमती वेंकट रेड्डी :
श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ :
श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में एनजीओ/निजी कंपनियों के सहयोग से सैनिक स्कूलों की स्थापना करने की योजना बनाई है ;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रकार से खोले जाने वाले स्कूलों की राज्य-वार संख्या कितनी है और इस हेतु क्या रूपरेखा बनाई गयी हैं ;
(ग) क्षेत्र/स्थान के चयन के लिए क्या मानदंड तय किए गए हैं एवं इस प्रयोजन के लिए अनुमानित/आवंटित व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है ; और
(घ) इन स्कूलों की स्थापना के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए/किए जाने की संभावना है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (घ): सरकार का देश में एनजीओ/निजी स्कूलों/राज्यों आदि के सहयोग से सैनिक स्कूलों की स्थापना के लिए एक नई योजना लाने का प्रस्ताव है । यह इच्छुक सरकारी/निजी

स्कूलों/एनजीओ को शामिल करते हुए सैनिक स्कूलों के लोकाचार, मूल्य प्रणाली और राष्ट्रीय गौरव के साथ अपनी प्रणाली की स्थापना/सुसंगतिकरण द्वारा "सीबीएसई प्लस" प्रकार के शैक्षिक वातावरण में स्कूली अवसर प्रदान करने का एक प्रयास है । इसमें मौजूदा/आगामी स्कूलों को सैनिक स्कूल पाठ्यक्रमों की तर्ज पर चलाए जाने हेतु पंजीकृत करने की परिकल्पना है । स्कूलों की, सैनिक स्कूल सोसाइटी से सम्बद्धता प्रस्तावित है । विस्तृत दिशा-निर्देश और आवश्यक अनुमोदन अग्रिम स्तर पर हैं ।

***